मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-206
22/04/2020

दरभंगा, मुजफ्फरपुर, शिवहर, खगड़िया और कटिहार में वज्रपात/आंधी–पानी के कारण 6 लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना 22 अप्रैल 2020 :– वज्रपात/आंधी–पानी से दरभंगा में 02, मुजफ्फरपुर में 01, शिवहर में 01, खगड़िया में 01 एवं कटिहार में 01 व्यक्ति की मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने तत्काल मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिया है।

******